सैनिक स्कूल में अन्तरसदनीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता

सतपुरा सदन विजेता और चंबल सदन रहा उपविजेता

पत्रिका plus रिपोर्टर

रीवा. सैनिक स्कूल में मंगलवार को अन्तरसदनीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन ले. कर्नल एपीएस भुल्लर कार्यवाहक प्राचार्य सैनिक स्कूल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इसमें 45 मैच खेले गए व स्कूल के सभी कैडेट्स ने भाग लिया। सैनिक स्कूल रीवा के इतिहास का यह पहला अवसर था, जब गर्ल्स कैडेट्स ने भी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में जोश व उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता सतपुरा सदन व उपविजेता चम्बल सदन रहा। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी गर्ल्स कैडेट केटेगरी में उर्वी भाबर रहीं। वहीं जूनियर वर्ग में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी कैडेट अभय गुर्जर व सीनियर कटेगरी में कैडेट शुभम कुमार रहे। अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विजेता सतपुड़ा व उपविजेता चम्बल सदन रहा

सैनिक स्कूल में अन्तर्सदनीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

रीवा। देश के सर्वोपरि विद्यालयों में एक सैनिक स्कूल रीवा की अन्तर्सदनीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन ले.कर्नल एपीएस भुल्लर कार्यवाहक प्राचार्य के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। विदित हो कि प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर स्तर पर गत 24 अप्रैल से किया जा रहा था, जिसमें कुल 45 मैच खेले गए व स्कूल के लगभग सभी कैडेट्स ने भाग लिया। यह सैनिक स्कूल रीवा के इतिहास का प्रथम अवसर था जब गर्ल्स कैडेट्स ने भी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में अत्यंत जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में वैक्तिक परिणाम में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (गर्ल्स कैडेट केटेगरी) – कैडेट उर्वी भाबर, जूनियर नर्मदा सदन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (जूनियर केटेगरी) –कैडेट अभय प्रताप सिंह गुर्जर, जूनियर चम्बल सदन सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (सीनियर केटेगरी)–कैडेट शुभम कुमार, सीनियर बेतवा सदन रहे। इसके साथ ही सदन परिणाम में विजेता सतपुड़ा सदन, उपविजेता चम्बल सदन रहे। प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं व सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर स्क्वाड्रन लीडर त्रिलोक कुमार उपप्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी व छात्र उपस्थित रहे।